Inclusion of Shakti Vihar in Zone 'F' in the place of Zone 'O'

Regd. No. :- S-22435/91

505

WELFARE ASSOCIATION

Shakti Vihar, (Near Mithapura Chowk),
Badarpur, New Delhi-110044

OFFICE OF THE DIR (Plg.)
MPR/TC, D.D.A. N. DELHI-2
Dy.No. 773
Dated 16/11/11

REGD. OFF.

41, Gali No. 7/3, Shaki Vihar, (Near Meethapur Chowk), Badarpur, New Delhi-110044

श्री कमलनाथ जी,
माननीय शहरी विकास मंत्री,
भारत सरकार,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

17
16/11/11

विषयः- मास्टर प्लान 2021 में दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा शक्ति विहार मीठापुर (1639/400) कालोनी को ओ जोन (Zone O) से निकालकर एफ जोन (Zone F) में डाले जाने हेतू निवेदन।

महोदय,

आपसे विनम्र निवेदन है कि **शक्ति विहार मीठापुर** (1639/400) दिल्ली सरकार की 1639 अनाधिकृत कालोनियों की सूची में 400 पर सूचीबद्ध हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा तैयार व लागू किया गया मास्टर प्लान 2021 में हमारी कालोनी को जोन ओ (Zone O) में रखा गया है, जोकि सरासर गलत है। जोन ओ यमुना नदी का अग्रभाग/यमुना बैड या यमुना नदी की धारा से दोनो ओर 300 मीटर के क्षेत्र में आ रहे इलाके को ही माना गया है, जो कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा समय समय पर पारित आदेशों के अनूरूप है।

हमारी कालोनी **शक्ति विहार मीठापुर** (1639/400) यमुना नदी से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर है व हम लोग यमुना नदी के किनारे या अग्रभाग पर नहीं बैठे है। हमारी कालोनी के बाद दिल्ली की कुछ और कालोनियाँ हैं व उसके बाद हरियाणा के गांव बसन्तपुर, ईस्मायलपुर, अगवानपुर, मेहतपुर व हरियाणा की कुछ कालोनियाँ भी आती है व उसके बाद कहीं जाकर यमुना नदी बहती है। इस तरह हम लोग ओ जोन के दायरे में नहीं आते है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने हमारे क्षेत्र के बराबर में एफ जोन लागू किया है। अतः आपसे हमारा विनम्र निवेदन है कि आप कृपया हमारी कालोनी को भी एफ जोन की श्रेणी में ही रखें। हम आपके सदैव आभारी रहेंगें।

आपका आज्ञाकारी,

(स्वर्ण सिंह)
प्रधान

President
Wel Fare Association
Shakti Vihar, New Delhi-110044

प्रतिलिपीः-

1- माननीय उपराज्यपाल, दिल्ली
2- माननीय उपाध्यक्ष, दिल्ली विकास प्राधिकरण
3- माननीय निदेशक (योजना) एमपीआर दिल्ली विकास प्राधिकरण
4- माननीय आयुक्त, दिल्ली नगर निगम
5- माननीय मुख्य सचिव, शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार
6- श्री रमेश कुमार माननीय सांसद दक्षिण दिल्ली।
7- श्री रामसिंह नेताजी माननीय विधायक, बदरपुर विधानसभा क्षेत्र।

17/11 DD MPR
18/11
AD II MPR